हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 मार्च 2026



04 भूतड़ी अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ा...





07 बगैर उपस्थिति पत्रक 8 महीने निकलती रही मृतिका...







## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान 22 को बुधनी आएंगे

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 मार्च को दोपहर 12:30 बजे बुधनी पहुंचेंगे और सीएफएमटीटी में आयोजित कृषि मशीनरी मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 5:15 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सरदार पटेल एकता यात्रा का आज होगा सीहोर में आगमन

**सीहोर।** राष्ट्रीय अखंडता और एकता सद्भाव की प्रतिमूर्ति सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा गुजरात से शुरू होकर विभिन्न प्रांतो से होकर गुरुवार सुबह 10:00 बजे सीहोर में सैकड़ाखेड़ी मार्ग से बस स्टैंड कोतवाली चौराहा मुख्य मार्ग, तहसील चौराहा से मंडी निकलते हुए श्यामपुर में चोपड़ा वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में सभा होगी। पाटीदार समाज के प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार और मनोज गुजराती ने जानकारी देते हुए बताया कि एकता यात्रा में शामिल रथ में सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृतियां 3 किलो सोने का स्तंभ जिसे राजवाड़े द्वारा पुरस्कार स्वरूप दिया गया था। साथ में उनके चरण पादुकाएं, पानी पीने का लोटा, संदूक और भी कई स्मृति स्वरूप समान दर्शन हेतु रखा गया है। सरदार पटेल के समस्त अनुयाई क्षेत्रवासी, सामाजिक संगठन एवं नागरिकों से अपील की है कि सरदार पटेल एकता यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर भारतवर्ष की अखंडता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें।

### घट स्थापना के साथ शुरू होगा नवरात्रि पर्व, सलकनपुर में लगेगा 10 दिवसीय मेला

# भूतड़ी अमावस्या पर एक लाख से अधिक भक्तों ने लगाई डुबकी, सलकनपुरधाम में टेका माथा

चैत्र नवरात्रि से पहले आने वाली अमावस्या की भूतड़ी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन आंवलीघाट पर भूतों का मेला भी लगता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/रेहटी

भूतड़ी अमावस्या की पावन बेला में नर्मदा घाट आस्था से सराबोर नजर आए। आधी रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और "नर्मदे हर" के जयघोष के बीच लाखों भक्तों ने मां नर्मदा की पवित्र धारा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आवलीघाट, बुधनी और नीलकंठ जैसे प्रमुख घाटों पर कदम रखने की भी जगह नहीं थी। हर चेहरा श्रद्धा से भरा और हर मन में एक ही भाव-मां नर्मदा का आशीर्वाद।


आंवलीघाट पर इस बार भक्ति अपने चरम पर दिखाई दी। अमावस्या से दो दिन पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। रात 12 बजे से स्नान का सिलसिला शुरू हुआ, जो सुबह तक निरंतर चलता रहा। घाट पर ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। बुधवार शाम तक करीब एक लाख से अधिक भक्त मां नर्मदा में स्नान का धर्म का लाभ ले चुके थे।

### आंवलीघाट का है पौराणिक महत्व

प्रसिद्ध नर्मदा तट आंवलीघाट का पौराणिक एवं सार्मिक महत्व भी है। कहा जाता है कि यहां पर हत्याहरणी हथे? नदी एवं नर्मदा का संगम स्थल है। इस कारण इसका महत्व अधिक है। ऐसी मान्यता है कि यहां वर्ष में दो बार प्रथम गंगा दशमी एवं आंवला नवमी पर प्रतिवर्ष भीम नर्मदा नदी में स्नान करने आते हैं। इन दो तिथियों में भीम प्रातः चार बजे स्नान कर वापस चले जाते हैं। यहां नदी के पास रज रेत में भीम के पैरों के निशान जो कि करीब 20 इंच लंबे होते हैं, जो इन तिथियों के आसपास ही देखने को मिलते हैं। कुछ भक्त इन पैरों के निशान की पूजा भी करते हैं। कुछ समय पश्चात इन पैरों के निशानों का रेत में पता ही नहीं चलता। इसके अलावा नर्मदा तट आंवलीघाट पर अनेक ऋषि, मुनि, संत, तपस्वी आते जाते थे। पुराणों में भी इनका उल्लेख मिलता है। आंवलीघाट पर उत्तर की ओर ब्रम्हयोनी है। इसमें से होकर निकलने पर मन की सभी मुरादें पूरी होती हैं। कुछ लोग इसे इंद्रजोन भी कहते हैं। उत्तर तट पर मां नर्मदा के प्राचीन मंदिर हैं, वहीं दक्षिण तट पर प्राचीन नर्मदा मंदिर, श्री 1008 श्री दुर्गानंदजी महाराज चुनीवाले खंडवा की समाधि स्थल, भगवान शंकर का मंदिर, हनुमान मंदिर एवं अनेक धर्मशालाएं है। यहां सबसे प्राचीन नर्मदा मंदिर है। यहां कुल्हड से लेकर नावघाट तक शक्तिक्षेत्र है। यह भी मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर आंवलीघाट में पांडव स्नान, दर्शन कर दोषमुक्त हुए थे। इसे नर्मदाकुंभ कहते हैं। आंवलीघाट से दो किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में ग्राम ग्वाडी है। यहां भावनाथ बाबा की पहाड़ी है।

### रात भर लगा भूतों का मेला

चैत्र नवरात्रि से पहले आने वाली अमावस्या की भूतड़ी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन आंवलीघाट तट पर भूतों का मेला भी लगता है। दरअसल यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आज भी इस परंपरा को निभाया जा रहा है। कहा जाता है कि जिन लोगों के शरीर में बाहरी बाधाएं होती हैं उनको यहां पर नर्मदा स्नान के लिए लाया जाता है। इसके अलावा जिन लोगों को देवी-देवता शरीर में आते हैं वे भी इस दिन यहां पर स्नान के लिए आते हैं एवं यहां पर स्नान करके नए वस्त्र धारण करते हैं। इस दौरान वे अपने मठ, देव स्थान के शस्त्रों को भी नर्मदा में शुद्ध करते हैं। पुराने वस्त्रों को यहीं पर छोड़कर जाते हैं। इसके बाद जिन लोगों



को बाहरी बाधाएं रहती हैं उनके शरीर में उनको बुलाया जाता है। इस दौरान ढोल, ढोलक, मंजीरे भी बजाए जाते हैं। कई लोग रातभर यहां पर भजन-कीर्तन भी करते हैं। इसके बाद सुबह लोग आंवलीघाट से रवाना होकर सलकनपुर स्थित मां बिजासन के दरबार में भी पहुंचते हैं एव मां बिजासन के दर्शन करके अपने घरों की तरफ रवाना होते हैं।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। 350 से अधिक पुलिसकर्मी, होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल और एसडीआरएफ की टीमें घाटों पर तैनात रहीं। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। बैरिकेडिंग, मोबाइल पेट्रोलिंग और कंट्रोल रूम के जरिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया गया, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में स्नान कर सकें। आवलीघाट पर पांच से अधिक स्थानों पर विशाल पार्किंग बनाई गई, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि सभी पार्किंग एक दिन पहले ही भर गईं। ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए विशेष रूट प्लान लागू किया गया, जिससे वाहनों को व्यवस्थित रूप से डायवर्ट किया गया।

### सलकनपुर में मां बिजासन के दर्शन



नर्मदा स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु सलकनपुर स्थित मां बिजासन धाम पहुंचे। यहां भक्तों ने मातारानी के चरणों में शीश नवाकर अपने जीवन को धन्य माना। नवरात्रि से पहले यह दर्शन विशेष महत्व रखते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। भूतड़ी अमावस्या के साथ ही 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है। पंचकोशी यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है। श्रद्धालु नर्मदा स्नान कर अपनी यात्रा पूर्ण कर रहे हैं और मां बिजासन के दर्शन के साथ इस महापर्व का समापन कर रहे हैं।

# नर्मदा-कोलार संगम पर धरती की छाती छलनी कर रहे खनन माफिया, बेखौफ हो रही पीली मिट्टी की अवैध खुदाई

### क्या माफिया को मिला है 'सरकारी संरक्षण'? अनदेखी से उठ रहे सवाल

**सीहोर।** जिले में बहने वाली जीवनदायिनी नर्मदा और कोलार नदी के संगम तट पर इन दिनों आस्था नहीं, बल्कि अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है। नीलकंठ और कोलार के संगम घाट के पास बड़े पैमाने पर पीली मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध कारोबार आम जनता को तो साफ नजर आ रहा है, लेकिन जिले का खनिज विभाग इससे अंजान बना बैठक है। विभाग की इस चुप्पी ने अब कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बता दें नर्मदा नदी के तटीय गांवों में पीली मिट्टी का उत्खनन अब एक गंभीर चुनौती बन चुका है। माफियाओं द्वारा जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए दिन-रात मिट्टी का दोहन किया जा रहा है। इस खुदाई से नर्मदा के किनारे कमजोर हो रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यदि यही स्थिति रही तो आगामी वर्षा ऋतु में भीषण भूमि कटाव होगा, जिससे आसपास के खेत जलमग्न हो जाएंगे और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

**नियम ताक पर, माफिया बेखौफ :** नियमों के मुताबिक किसी भी प्रकार की मिट्टी



निकालने के लिए खनिज विभाग की अनुमति अनिवार्य है। नियमानुसार 2 मीटर से अधिक गहराई तक खुदाई करना दंडनीय अपराध है, लेकिन संगम क्षेत्र में माफिया इन नियमों को ठेंगे पर रखकर गहरी खुदाई कर रहे हैं।

**खनिज विभाग की भूमिका पर उठ रहे सवाल :** क्षेत्रीय जनता के मन में अब यह सवाल घर कर गया है कि क्या इस अवैध खेल को खनिज विभाग का मौन संरक्षण प्राप्त है। जब ग्रामीण क्षेत्रों से अवैध उत्खनन की खबरें और तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं, तब विभाग की टीमें कार्रवाई करने से क्यों बच रही हैं। क्या खनिज माफियाओं के रसूख के आगे जिम्मेदार नतमस्तक हो चुके हैं।नर्मदा के कैचमेंट एरिया में हो रही इस खुदाई का असर केवल जमीन तक सीमित नहीं है। इससे जलीय जीवन और क्षेत्र के भूजल स्तर पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरणविदों का कहना है कि नदियों के किनारों से छेड़छाड़ करना भविष्य में बड़े पारिस्थितिक संकट को निमंत्रण देना है।

# जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन और पीएफ, किया प्रदर्शन

**सीहोर।** जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी आज बुधवार से हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। इसके साथ ही, उनके भविष्य निधि (पीएफ) का नियमित रूप से भुगतान भी नहीं किया जा रहा है।



कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार अस्पताल प्रबंधन को वेतन समय पर देने के लिए ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने आज जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के सामने धरना दिया।

इस संबंध में कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर को आवेदन दिया जा चुका है, साथ ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी शिकायत भेजी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि इन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई या सुनवाई नहीं हुई है, जिसके चलते उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।

# 19 दिव्यांगजनों को प्रदान की गईं मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग एवं वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड बुधनी द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा चिन्हित किए गए 19 दिव्यांगजनों को वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड बुधनी एवं विभाग के अधिकारियों द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गईं। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार,




सहायक संचालक महेश यादव, वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड बुधनी के राजीव आंग्रा, दिनेश केटी, शोएब मिर्जा, अंकिता ठाकुर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### ईरान-इजराइल युद्ध का असर अब आम आदमी की रसोई तक पहुंचा

# त्योहारों पर 'गैस संकट' का साया, रसोई की चिंता के बीच मनेगी नवरात्रि और ईद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में खुशियों के त्योहारों की दस्तक हो चुकी है, लेकिन इस बार आमजन के चेहरों पर उल्लास के साथ-साथ चिंता की लकीरें भी साफ दिखाई दे रही हैं। एक ओर जहां आज 19 मार्च से शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहा है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज का पवित्र त्योहार ईद भी ठीक एक दिन बाद मनाया जाएगा। इन दो बड़े त्योहारों के बीच जिले में गहराया रसोई गैस संकट उत्सव के रंग में भंग डालता नजर आ रहा है।

जिला मुख्यालय पर स्थित तीनों प्रमुख गैस एजेंसी मछलीपुल स्थित मेहमूद हुसैन, लीसा टॉकीज के पास बग्गा एजेंसी और तहसील चौराहा स्थित तत्पर गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। आलम यह है कि सुबह होते ही लोग ऑफलाइन नंबर लगाने के लिए लंबी कतारों में खड़े हो रहे हैं। बुधवार को भी शहर की इन




तीनों ही एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी गई। लोग हाथों में खाली सिलेंडर और डायरी लेकर घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, ताकि त्योहार पर घर का चूल्हा जलता रहे।

### प्रशासन के दावों पर सवालिया निशान

हैरानी की बात यह है कि जिला प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि प्रशासन के दावे सच हैं तो फिर गैस एजेंसियों पर यह अफरा तफरी क्यों मची है। आम नागरिकों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी हफ्तों तक सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते उन्हें मजबूरन काम-धंधा छोडक़र सुबह से कतारों में लगना पड़ रहा है।

### किचन तक पहुंची ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश

वैश्विक स्तर पर चल रहे ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश अब सीधे तौर पर जिले के मध्यम और गरीब परिवारों की रसोई तक पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की अस्थिरता का सीधा असर स्थानीय स्तर पर वितरण श्रृंखला पर पड़ा है। इस संकट ने आमजन में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। त्योहारों के समय जब घरों में पकवान बनने चाहिए, तब गृहिणियां इस बात को लेकर चिंतित हैं कि सिलेंडर खत्म होने पर विकल्प क्या होगा।

### धार्मिक उत्साह पर भारी पड़ती गैस की कमी

आज से शुरू हो रही नवरात्रि के अवसर पर घरों में फलाहार और विशेष भोग तैयार किए जाते हैं। वहीं ईद के मौके पर सिवइयों और अन्य व्यंजनों की खुशबू से घर महकते हैं। लेकिन गैस की किल्लत ने इन तैयारियों को सीमित कर दिया है। बता दें यदि समय रहते आपूर्ति पर ध्यान नहीं दिया गया तो लोगों की खुशियां कतारों में ही बीत जाएंगी।

# मारवाड़ी महिला मंडल ने मनाया गणगौर पर्व




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आस्था, प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक गणगौर महापर्व मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल के निवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माता गौरा और ईसर जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई।

मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर माता को झाले दिए और लोकगीतों के माध्यम से सुख-समृद्धि की कामना की।

**रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित :** मिलन समारोह को और भी यादगार बनाने के लिए कई रोचक गेम्स और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए आयोजित इन गतिविधियों में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं ने सामूहिक स्नेह भोज का आनंद लिया।

**संस्कारों को सहेजने का संकल्प :** समिति की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि गणगौर केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली मारवाड़ी संस्कृति का प्रतिबिंब है। ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपने संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान मारवाड़ी महिला मंडल की पदाधिकारी और समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप



### आर एस आई रेड ने ब्लू को 21 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय मैदान पर आयोजित दो दिवसीय मैच में आर एस आई रेड ने ब्लू को 21 रन के अंतर से हराया। इस मैच में रेड की ओर से हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले लोकेन्द्र को मैन आफ द मैच कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल ने दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दो दिवसीय मैच में पहली इंनिंग में आर एस आई ने 109 रन दस विकेट पर बनाए थे। इसमें लोकेन्द्र ने 36 रन और रोहित ने 17 रन की पारी खेली। इधर ब्लू की टीम 88 रन पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में आर एस आई ब्लू की ओर से कुणाल ने 44 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली । पहली पारी के रनों की बढ़त के आधार पर आरसीआई रेड ने जीत दर्ज की। इसमें लोकेन्द्र ने छह विकेट और 45 रन बनाए थे।

### 2100 लोगों द्वारा होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**भैरुंदा।** गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर नगर भैरुंदा में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के इस शुभ दिन पर दूसरे वर्ष भी भव्य स्तर पर 2100 लोगों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन नगर के दशहरा मैदान में संपन्न होगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और एकता की भावना को मजबूत करना है। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने और इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### पल्स ने पीपीसीए को 34 रन के अंतर से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए एक तरफा मुकाबले में पल्स ने पीपीसीए क्रिकेट अकादमी को 34 रन के अंतर से हराया। इस मैच के दौरान पल्स की ओर से बलराम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में मात्र 16 रन देकर पांच विकेट और जतिन ने 30 गेंद पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेली।

रात 12 बजे शुरू हुआ स्नान का सिलसिला बुधवार देर शाम तक रहा जारी

# भूतड़ी अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**कौशल्या संगम सहित प्रमुख घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, तर्पण-पिंडदान से पितरों को किया स्मरण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



भूतड़ी अमावस्या के पावन अवसर पर बुधवार को तहसील भैरुंदा क्षेत्र के प्रमुख नर्मदा तटों पर आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर पहुंचने लगी और दिनभर मां नर्मदा में स्नान, तर्पण एवं पूजन-अर्चन का सिलसिला जारी रहा। नीलकंठ, मंडी, सिलकंठ सातदेव और छीपानेर सहित विभिन्न घाट श्रद्धालुओं की उपस्थिति से गुलजार रहे।

नीलकंठ स्थित प्रसिद्ध कौशल्या संगम तट पर सुबह तड़के से ही हजारों श्रद्धालु एकत्रित हो गए थे। श्रद्धालुओं ने नर्मदा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया और शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों पर भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास का वातावरण दिनभर बना रहा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भूतड़ी अमावस्या पर नर्मदा स्नान और तर्पण करने से पितरों को शांति प्राप्त होती है। इसी आस्था के चलते श्रद्धालुओं ने काले तिल मिश्रित जल से विधि-विधानपूर्वक तर्पण किया और पिंडदान कर पूर्वजों का स्मरण किया। कई स्थानों पर विशेष पूजा-अर्चना कर नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति की कामना भी की गई।

स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने घाटों पर दीपदान किया और मंदिरों में दर्शन कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। विभिन्न स्थानों पर खीर-पोहे के भंडारे एवं दान-दक्षिणा का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रमुख घाटों पर पुलिस बल, गोताखोर और होमगार्ड जवान तैनात रहे, वहीं निगरानी व्यवस्था भी सक्रिय रखी गई, जिससे पूरे दिन आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

इस वर्ष भूतड़ी अमावस्या का महत्व और अधिक बढ़ गया, क्योंकि इसका संयोग चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ के साथ बना। विद्वानों के अनुसार लगभग 72 वर्षों बाद यह दुर्लभ योग बना है। अमावस्या तिथि 18 मार्च की सुबह 08:25 बजे से प्रारंभ होकर 19 मार्च की सुबह 06:52 बजे तक रही, वहीं उदया तिथि के आधार पर 18 मार्च को स्नान-दान के लिए



श्रेष्ठ माना गया। धार्मिक दृष्टि से चैत्र अमावस्या को 'सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या' के समान फलदायी माना जाता है। इस दिन किए गए स्नान, तर्पण और दान से पितरों की तृप्ति होती है और परिवार पर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद बना रहता है। निमाड़ और मालवा क्षेत्र में यह पर्व विशेष आस्था के साथ मनाया जाता है, जहां इस बार भी श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने नर्मदा तटों को भक्ति और आस्था से सराबोर कर दिया।

## क्षेत्र की बेटी ने रचा इतिहास, राज्यपाल-मुख्यमंत्री के हाथों पूजा शर्मा को मिला स्टेट गोल्ड मेडल




**भैरुंदा।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और मजबूत इरादों के साथ की गई मेहनत आखिरकार सफलता में बदल ही जाती है। ऐसा ही गौरवपूर्ण उदाहरण पेश किया है भैरुंदा क्षेत्र के ग्राम मंडी निवासी पूजा शर्मा ने, जिन्होंने पूरे मध्य प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

पूजा शर्मा ने विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की स्नातक परीक्षा 2025 में ज्योतिर्विज्ञान विषय में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें मंगलवार को उज्जैन में आयोजित गरिमामयी समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों स्टेट गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

इस गौरवपूर्ण क्षण के दौरान पूजा के पिता कमलेश शर्मा, चाचा नरेन्द्र शर्मा और गौरव शर्मा भी मौजूद रहे। बेटी की इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्राम मंडी के ग्रामीणों ने पूजा की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि ग्रामीण अंचल की बेटियां भी अवसर और सही मार्गदर्शन मिलने पर प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल कर सकती हैं। पूजा की इस सफलता ने न केवल जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा की नई राह खोली है।

## अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह 22 को









**सीहोर।** मध्यप्रदेश के लब्धप्रतिष्ठित पत्रकार स्व. अंबादत्त भारतीय की स्मृति में पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 22 मार्च को सुबह 11 बजे से क्रिसेंट रिसोर्ट में होगा। गौरतलब है कि स्व. अंबादत्त भारतीय की यह 76 वीं जयंती है और उनका यह 13 वां सम्मान समारोह होगा।

जिला प्रेस क्लब सीहोर द्वारा आयोजित पत्रकार परिवार सम्मेलन एवं स्व. अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह-2926 में इस वर्ष का राष्ट्र स्तरीय सम्मान सुखदेव सिंह वीरजी इंदौर, राज्य स्तरीय सम्मान आनंद सिंह लोढ़ा गुना और जिला स्तरीय सम्मान विनीत दुबे सीहोर को प्रदान किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस आनंद कुमार शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रहेंगे। अध्यक्षता जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार गिरिजाशंकर भोपाल, पत्रकार सुधीर सक्सेना भोपाल, राघवेंद्र सिंह पत्रकार भोपाल व मनोज कुमार पत्रकार भोपाल रहेंगे।

# बिजासन हॉस्पिटल पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, रिकार्ड जब्त

**मरीज की मौत के बाद बढ़ा दबाव, जांच के बाद सख्त कार्रवाई के संकेत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




खबर का असर

नगर के बिजासन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हुई मरीज की मौत के बाद उठा विवाद अब प्रशासनिक कार्रवाई में बदलता नजर आ रहा है। घटना के बाद परिजनों द्वारा किए गए हंगामे और लगातार उठते सवालों के बीच स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की टीम ने अस्पताल पहुंचकर महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकार्ड जप्त कर लिए हैं। जप्त किए गए रिकार्ड की अब गहन जांच की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

यह मामला बीते कुछ दिनों से मीडिया में प्रमुखता से बना हुआ था, जिससे विभाग पर कार्रवाई का दबाव भी बढ़ा। गौरतलब है कि बिजासन हॉस्पिटल पूर्व में भी विवादों में रहा है, विशेषकर कोरोनाकाल के दौरान यहां लापरवाही के आरोप सामने आ चुके हैं। इसके बाद भी समय-समय पर मरीजों के उपचार को लेकर शिकायतें मिलती रही हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई का अभाव बना रहा। अब ताजा कार्रवाई के बाद पीड़ित परिवार को लंबे इंतजार के बाद न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। परिजनों का कहना है कि जिस अस्पताल की लापरवाही के कारण उन्होंने अपने परिवार का सदस्य खोया, अब उस पर सख्त कार्रवाई होना जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। सीबीएमओ बुधनी डॉ. डी बड़ोदिया ने बताया कि रेहटी स्थित बिजासन अस्पताल पहुंचकर जांच की गई है। अस्पताल से रिकार्ड जप्त किया गया है एवं अब उसकी बारीकी से जांच की जाएगी। जांच के बाद रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपेंगे।

## विद्यालय की छात्रा ने राज्य स्तरीय शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सीहोर।** शासकीय उमावि में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक प्रीति परमार ने सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट में दिनांक 8 से 14 मार्च 2026 तक सहभागिता एवं शिविर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। शिविर समाप्ति पश्चात सीहोर आगमन पर संस्था प्राचार्य सुनीता जैन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम ऑफिसर देवेंद्र राय डॉक्टर राजेंद्र देशमुख एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक मानसी प्रजापति व दर्शना दोहरे ने आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अग्रवाल महिला मंडल और महेश्वरी मंडल ने जगदीश मंदिर तारा अग्रवाल द्वारा गणगौर का स्वागत किया



**सीहोर।** में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है जिसमे आज गणगौर का स्वागत हेमा अग्रवाल जी के घर पर किया गया साथ ही अग्रवाल समाज की नहिलाओं की गोट जा आयोजन भी हुआ जिसमे गेम्स प्रतियोगिता सोलह श्रृंगार और रैंप वाक पर इतराती इठलाती बहू बेटियों ने भाग लिया। गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए जिसमे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व को बनाया। इस पर्व में सभी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलती है। अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर बाघ बगीचीअग्रवाल के कल गणगौर तारा अग्रवाल जी द्वारा स्वागत किया जाएगा जिसका आयोजन जगदीश मंदिर सब्जी मंडी पर रखा गया है अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल रुक्मणी जी रोहिला प्रेमलता रूठिया तारा अग्रवाल मोहिनी अग्रवाल हेमा अग्रवाल मालती अग्रवाल संध्या मोदी मंजू भारतीय ज्योति रूठिया मधु गोयल ममता पितलिया सभी ने उस पर्व को मनाने की कामना की है 19 तारीक को सिंजरा रहेगा जो की गांधी पार्क जाएगा उस दिन गणगौर स्वर्णकार समाज के द्वारा गाजे बाजे से गणगौर निकाली जाएगी।

उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# मां हिंगलाज जयंती पर भावसार समाज ने पूजा-अर्चना कर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मां हिंगलाज माता के जन्म उत्सव के शुभ अवसर पर भव्य विशाल चल समारोह भावसार समाज के द्वारा निकाला गया। माता हिंगलाज के प्रसिद्ध मंदिर में माता रानी का श्रद्धालुओं के द्वारा मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिरश्री को भी आकर्षित रूप से सजाया गया। समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थीयो के उत्साह वर्धन के लिए अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

भावसार समाज के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता आशीष भावसार ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समाज के द्वारा कुलदेवी माता हिंगलाज का जन्म उत्सव पारंपरिक रूप से मनाया गया। समाज के द्वारा विभिन्न धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने समाज के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। अतिथियों के द्वारा भावसार समाज के समस्त पदाधिकारी संरक्षक एवं महिला मंडल की पदाधिकारी संरक्षक युवा मंडल के अध्यक्ष अंशुल भावसार का साफा बांधकर फूल मालाए पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। माता हिंगलाज मंदिर से बैंड बाजा ढोल धमाकों के साथ भव्य विशाल चल समारोह का शुभारंभ किया गया। चल समारोह में माता हिंगलाज की झांकी भगवा ध्वज और विशेष वस्त्र पहने बच्चे आकर्षण का केंद्र बने रहे। चल समारोह का अनेक स्थानों पर कस्बा क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा फूल बरसा कर स्वागत किया गया।

चल समारोह में महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी पुरुषों के द्वारा भी माता हिंगलाज के जयकारे लगाए जा रहे थे। कस्बा क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होते हुए चल समारोह भावसार धर्मशाला पहुंचा यहां पर चल समारोह का समापन किया गया।





कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ संरक्षक मोहनलाल भावसार,ओमप्रकाश भावसार, प्रहलाद भावसार, शिव प्रसाद भावसार, अभिमन्यु भावसार, नंदकिशोर भावसार, सत्यनारायण भावसार, विष्णु भावसार कमल भावसार, राधे श्याम भावसार, सीताराम भावसार, राजेश भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, दीनदयाल भावसार रामेश्वर भावसार लक्ष्मी नारायण भावसार, प्रकाश भावसार, समाज अध्यक्ष कमल किशोर भावसार, उपाध्यक्ष केशरीमल भावसार, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र भावसार सचिव नवीन भावसार, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी आशीष भावसार व नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंशुल भावसार, प्रमोद भावसार, पंकज भावसार जगदीश भावसार, राकेश भावसार, गिरीश भावसार, संजय भावसार, गोविंद भावसार,घनश्याम भावसार, शुभम भावसार, कमलेश भावसार,अंकित भावसार विक्की भावसार सन्नी भावसार रवि भावसार सुभाष,भावसार, जितेंद्र भावसार विक्रम भावसार, भारत भावसार, राहुल भावसार,रोहित भावसार अक्षय भावसार, सुमित भावसार दीपेश भावसार हितेश भावसार अमित भावसार ने सहित बड़ी संख्या में भावसार समाज जन शामिल रहे।

## संत शिरोमणि सेन महाराज का जन्मोत्सव की तैयारी के लिए बैठक हुई आयोजित



**सीहोर।** इस वर्ष भी संत शिरोमणि सेन महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस हेतु सर्व सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन काका जी के निवास पर बैठक आयोजित की गई जिसमें युवा सेन समाज के अध्यक्ष कमोद सेन, भारतीय सेन समाज के अध्यक्ष एल.एस.सेन एवं सर्व सेन समाज के बन्धु व युवा सेन समाज के सामाजिक बन्धु उपस्थित होकर अपने-अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये।

धर्मेन्द्र सेन ने प्रस्तावित किया कि इस वर्ष जयंती समारोह के पश्चात निःशुल्क सामूहिक विवाह एवं सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसका पंजीयन सामाजिक बन्धु करा सकते हैं। सामूहिक विवाह में वर व वधु पक्ष के ठहरने की व भोजन आदि की व्यवस्था समाज द्वारा की जावेगी। अन्य व्यवस्था वर-वधु पक्ष को करना होगी। समाज के प्रवक्ता एल.एस.सेन ने बताया कि दिनांक 14 अप्रैल 2026 को सेन जन्मोत्सव सेन धर्मशाला गंज कुटि में मनाया जायेगा। इस मौके पर नगर के प्रमुख मार्गों से चलसमारोह भी निकाला जाना प्रस्तवित है। जिसमें सभी सामाजिक बन्धु महिलाऐं, बच्चे सहित सभी स्वजतीय बन्धु आमंत्रित हैं।

श्री सेन ने सामाजिक बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में एवं अपने प्रतिष्ठान उक्त दिवस को बंध रखने का अनुरोध किया है।

## सभी लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में सत्यापन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवास सहायता योजनांतर्गत सत्र 2023-24 से 2025-26 तक के सभी लंबित आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सभी संस्थाओं को निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत सत्र 2023-24 से 2025-26 तक के सभी लंबित आवेदनों का एक सप्ताह के भीतर सत्यापन किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने बैठक में अनुपस्थित संस्थाओं के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

राजगढ़ स्वास्थ्य विभाग का मामला, सभी झाड़ रहे अपनी जिम्मेदारियों से पलड़ा

# बगैर उपस्थिति पत्रक 8 महीने निकलती रही मृतिका कर्मचारी की सैलरी

**शिकायत के बाद ज्वाइंट डायरेक्टर नीरा चौधरी भोपाल ले गईं पूरा रिकार्ड**





सुनील गोले ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग में मरीजों की जान के साथ अक्सर हो रहे खिलवाड़ के बाद अब एक गैर-जिम्मेदारापूर्ण वित्तीय अनियमिता का मामला सामने आया है। दरअसल, सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ एकाउन्टेंट एक महिला कर्मचारी की मृत्यु के आठ महीनों तक उसकी (मृतिका) की तनख्वाह खाते में हस्तांतरित करते रहे।

इस पूरे गड़बड़झाले में बड़ी बात यह है कि संबंधित मृतिका कर्मचारी की बगैर उपस्थिति पत्रक के खाते में सैलरी डलती रही। पिछले दिनों इस संबंध में भोपाल में हुई शिकायत के बाद जिले में आईं विभाग की संयुक्त संचालक (जेडी) डॉ. नीरा चौधरी पूरा रिकार्ड अपने साथ लेकर गई हैं। बताया जा रहा है कि भोपाल स्तर पर इस मामले में बड़ी जांच चल रही है और सीधे-सीधे वित्तीय अनियमिता के इस मामले में दोषियों पर गाज गिर सकती है।

## क्या है पूरा मामला

राजगढ़ के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाबला में सुमित्राबाई नाम की महिला कर्मचारी कंटन्जेंसी के पद पर पदस्थ थीं। पदस्थी के दौरान 20 जनवरी 2025 को सुमित्राबाई की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के उपरान्त ढाबला मेडिकल ऑफिसर ने 3 फरवरी 2025 को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर नरसिंहगढ़ को लिखित में इस बात की सूचना पहुंचा दी। नरसिंहगढ़ बीएमओ के अनुसार उक्त सूचना को राजगढ़ सीएमएचओ कार्यालय को पहुंचा दिया गया और मृत्यु उपरान्त सुमित्राबाई का उपस्थिति पत्रक राजगढ़ नहीं भेजा गया। इसके बावजूद सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन एकाउन्टेंट रामगोपाल नरेड़ा, वर्तमान में पदस्थ लेखापाल पारीख द्वारा बगैर सुमित्राबाई की उपस्थिति पत्रक के उनकी तनख्वाह मृत्यु होने के बाद आठ महीनों तक सुमित्राबाई के खाते में डलवाई जाती रही।



## शुरू में दबा दिया मामला पर भोपाल पहुंची शिकायत

विभाग के जिम्मेदारों ने शुरूआत में इस पूरे मामले को दबाने की कोशिश की लेकिन शासन को वित्तीय हानि पहुंचाने वाली इस घोर लापरवाही की शिकायत भोपाल हुई। शिकायत के बाद विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. नीरा चौधरी विगत दिनों राजगढ़ पहुंचीं और प्रकरण से जुड़े समस्त रिकार्ड अपने साथ लेकर गई हैं।

## मृत्यु के बाद खाते में पहुंचाए लगभग सवा लाख

सुमित्राबाई की मृत्यु के उपरान्त बगैर उपस्थिति पत्रक के आगामी आठ महीनों तक 14 हजार 844 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से अगले आठ महीनों तक उनके खाते में सवा लाख रुपए हस्तांतरित किए गए।

### उपस्थिति नहीं भिजवाई

सुमित्राबाई की मृत्यु के उपरान्त हमने राजगढ़ सीएमएचओ ऑफिस तक उनकी किसी तरह की कोई उपस्थिति नहीं भिजवाई।
**डॉ. राजेंद्र अहिरवार,** बीएमओ, नरसिंहगढ़

### सूचना नहीं मिल पाई

कंटन्जेंसी की कर्मचारी थी इसलिए मैंने बगैर उपस्थिति पत्रक के उनकी तनख्वाह निकाल दी। मृत्यु की सूचना नहीं मिल पाई थी।
**- रामगोपाल नरेड़ा,** तत्कालीन लेखापाल, सीएमएचओ कार्यालय, राजगढ़

मैं आपको इस संबंध में एक घंटे बाद ही कुछ बता पाऊंगी। बाद में इन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।
**- डॉ. शोभा पटेल,** सीएमएचओ, राजगढ़

### इनका कहना है

कार्यवाही के संबंध में आप राजगढ़ सीएमएचओ से इस बारे में बात कर लीजिए। मैं अभी एक मीटिंग में हूं।
**- डॉ. नीरा चौधरी,** संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य विभाग, भोपाल

पुरा क्षेत्र से खिलचीपुर नाके जाने वाली रोड का मामला

# धंसाव से मिस एलाइनमेंट हुई सड़क, हादसों की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय पुराने बस स्टैंड से शुरू होकर कान्वेंट स्कूल के ठीक ऊपर से खिलचीपुर नाके तरफ जाने वाला मार्ग मिट्टी के धंसाव से मिस एलाइनमेंट हो चुका है। सड़क के मिस एलाइनमेंट होने से यहां दुर्घटनाओं की आंशका बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि चूंकि यह ढलान वाली सड़क है ऐसे में कभी भी कोई दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रबंधन से मांग की है कि उक्त मिस एलाइनमेंट हुई सड़क की रिपेयरिंग करवाई जाए ताकि संभावित हादसों के होने के पूर्व ही उनसे बचा जा सके।

## रात्रि के समय दुर्घटना का ज्यादा खतरा

दिन के साथ ही रात के समय उक्त ढलान वाले मार्ग पर दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावना बनी हुई है। खिलचीपुर नाके तरफ से तेज रफ्तार में आने वाले बाइक चालक यहां असंतुलित होकर घायल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन आता था जिसे अब नगर पालिका ने अपने हैंडओवर ले लिया है।



## इंका कार्यालय के सामने भी यही स्थिति

शहर के उक्त आंतरिक मार्ग के अलावा बाईपास पर कांग्रेस कार्यालय के सामने भी इसी तरह के हाल बने हुए हैं। यहां पर भी हाईवे की सड़क का एक हिस्सा ऊपर तो दूसरा नीचे हो चुका है।

# विभिन्न पेंशन भुगतानों के लिए शासन को लिखा पत्र

## सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई आवाज

**जीरापुर।** दिव्यांग, वृद्धावस्था, कल्याणी सहित अन्य पेंशन भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं से पात्रजन खासे परेशान हैं। तकनीकी समस्याओं के कारण पेंशन के हकदार पेंशनधारी दर दर को भटकने पर मजबूर हैं। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाशचंद्र पुरोहित ने भोपाल के उच्चाधिकारियों एवं जिला प्रशासन के जिम्मेदारों को पत्र लिखकर समस्या के निराकरण की मांग की है। पात्रजनों की पेशनों के भुगतान में आ रही यह समस्या 10 दिनों में हल न होने पर न्यायालय की शरण लेने का उल्लेख पत्र में किया गया है। पुरोहित ने बताया कि जनपद पंचायत जीरापुर अंतर्गत 402 हितग्राही एवं पूरे मध्य प्रदेश में ऐसे हजारों हितग्राही है जिनकी ईकेवाईसी नहीं होने से पेंशन होल्ड पर रख दी गई है जबकि शासन के नियमानुसार उन पेंशन धारियों का भौतिक सत्यापन हो चुका है। पुरोहित की माने तो जुलाई एवं अगस्त 2025 से अनेकों पात्रजनों की पेंशन जमा नहीं हुई है और वे बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

# खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी से चढ़ावा राशि चोरी, चोर सीसीटीवी में कैद

## इस मंदिर में 10 माह में चोरी की दूसरी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी से राशि चुराने का मामला सामने आया है। मंगलवार तड़के एक अज्ञात चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर की सीसीटीवी कैमरों में संबंधित चोर स्पष्ट रूप से दानपटी से राशि चुराता नजर आ रहा है लेकिन उसके मुंह पर नकाब बंधा होने से फिलहाल तक उसकी कोई पहचान नहीं हो पाई है। मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा जब मंगलवार सुबह पूजा के लिए पहुंचे तब चोरी की बात मालूम हो पाई जिसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई। उल्लेखनीय कि इसी खोयरी महादेव मंदिर में गत 07 जून 2025 को भी अज्ञात चोर ने दानपेटी के ताले तोड़े थे। वारदात के समय मंदिर परिसर सुनसान था और वहां कोई चौकीदार नहीं था।

## मंदिर में रखी गेती, पत्थरों से तोला ताड़ा

जिस बदमाश ने इस घटना को अंजाम दिया है उसने मंदिर में ही रखी गेती (लोहे का औजार), पत्थरों से दानपेटी का ताला तोड़ा। इसके उपरान्त पेटी में रखी पूरी चढ़ावा राशि निकाली और मौके से फरार हो गया।



हालांकि, इस घटना ने पुलिस प्रशासन के साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं कि आखिर मंदिर में चौकीदार क्यों नहीं था और लगातार हो रही चोरियों के बाद भी यहां स्थाई सुरक्षा गार्ड की तैनाती क्यों नहीं करवाई जा रही है। इस बारे में ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय का कहना है कि मंदिर समिति के पास इतनी राशि नहीं है कि स्थाई गार्ड को तनख्वाह दी जा सके।

# खुद को भोपाल का अधिकारी बता 10वीं की छात्रा को धमकाया

## पीड़िता छात्रा ने परिजनों के साथ थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

जिले के खुजनेर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में अपने को भोपाल का अधिकारी बताकर कक्षा 10वीं की एक छात्रा से अवैध रूप से रुपयों की मांग का मामला सामने आया है। छात्रा ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर लिखित में इस बात की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यह है पूरा मामला?

पीड़िता छात्रा के पिता ने खुजनेर थाने में आवेदन देकर बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे बेटी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने रौब झाड़ते हुए खुद को भोपाल का उच्चाधिकारी बताया। उसने छात्रा पर दबाव बनाते हुए कहा कि मेरे खाते में पैसे ट्रांसफर करो नहीं तो तुम्हारी फोटो टीवी पर चलवाकर बदनाम कर दूंगा। आरोपी यहीं नहीं रुका। उसने छात्रा को पुलिस केस और करियर बर्बाद करने जैसी धमकियां भी दीं। पीड़ित परिवार ने आवेदन के साथ संबंधित मोबाइल नंबर भी पुलिस को सौंपे हैं।

## साइबर ठगी की आशंका

प्रारंभिक दृष्टि से यह मामला डिजिटल अरेस्ट या ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के जरिए ठगी करने वाले गिरोह से जुड़ा लग रहा है। साइबर अपराधी अक्सर इसी तरह सरकारी अधिकारी बनकर या अश्लील वीडियो, फोटो का डर दिखाकर लोगों से रकम वसूलते हैं। थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आमजनता से अपील की है कि यदि कोई आपको डराता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

जिले में पहला विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस ने ब्यावरा में निकाली गैस सिलेंडरों की अंतिम यात्रा

**ब्यावरा।** घरेलू गैस की किल्लत एवं लगातार बढ़ते गैस के दामों के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस ब्यावरा गैस सिलेंडरों की अर्थी निकाल गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीपल चौराहा एवं शहर के मुख्य बाजार मार्गों से जनाक्रोश रैली निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी करार देते हुए राम नाम सत्य है जेसी बातें भी कही। सिलेंडर की अर्थी की शुरुआत में शहर के सुभाष चौक में नाली में पाइप डालकर चूल्हा चालू करने का प्रयास भी किया गया। धरना एवं रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती गैस की कीमतों ने आम जनता, विशेषकर मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवारों का जीवन कठिन बना दिया है। साथ ही गैस की किल्लत से लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, चेनसिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, विष्णुदेव शास्त्री, पप्पु बना जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, जिला व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्ञानु विजयवर्गीय, गंगा चौहान, पार्षद



कैलाश कुशवाह, महेंद्र सिलावट, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर बना, राजू वर्मा, राजा, जीतू महावर, फूलसिंह वर्मा, जगदीश सेन, संजय बंसल, मंडलम अध्यक्ष आदित्य भार्गव, महेश्वर सिंह बना, दाऊद बोहरा, राजेंद्र खत्री, राहुल जाटव, गिरराज गुर्जर ईश्वर गुर्जर कमलेश विश्वकर्मा रामनारायण भारती, राधेश्याम धनगर, कल्याण तोमर, घनश्याम पराशर, विकास गुप्ता, अमीरुद्दीन सेफी, चंदन गोस्वामी, अभिषेक चौहान, लखन पुष्पद, दिलीप बना, हर्षित दांगी, अनिमेष दांगी, बंटी सोंधीया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानसिक अस्वस्थ बालक का रेस्क्यू, परिजनों से मिलवाया

*लगातार प्रयासों से पुलिस टीम को सफलता मिली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में भटक रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ एक बालक को सारंगपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित रेस्क्यू कर उसके परिजनों से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसार गत दिनों रात करीब 8 बजे बस स्टैंड पर एक बालक हाथ में सामान लिए




अकेला घूमता हुआ मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वह अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाया, जिससे चलते उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का अंदेशा हुआ।

बालक को थाने लाकर स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई गई, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। अगले दिन संबंधित बालक को बाल कल्याण समिति राजगढ़ के संरक्षण में सौंपा गया। वहीं पुलिस टीम ने बालक की जानकारी और फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सांझा करते करते हुए उनकी जानकारी जुटाना शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 17 मार्च को पुलिस टीम को सफलता मिली और बालक के माता-पिता का पता चल गया। इसके बाद बालक को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के नेतृत्व में आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, प्र. आरक्षक इरफान उल्ला खान, विकास यादव, धर्मेन्द्र जायसवाल, नरेन्द्र धाकड़ एवं कैलाश लोधी का विशेष योगदान रहा।

# एआई एप से बढ़ रहा ठगी का खतरा युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ इंटरनेट पर तथाकथित एआई गर्लफ्रेंड, बॉयफ्रेंड और वर्चुअल रिश्ते बनाने वाली एप का चलन तेजी से बढ़ रहा है। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार ये ऐप्स लोगों के अकेलेपन और भावनाओं का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसाती हैं। शुरुआत में मुफ्त चैट और दोस्ती का प्रस्ताव दिया जाता है, फिर धीरे-धीरे भावनात्मक जुड़ाव बनाकर वीडियो कॉल या प्रीमियम फीचर के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं। कई मामलों में यूजर्स से निजी फोटो या संवेदनशील जानकारी भी मांगी जाती है, जिसका बाद में ब्लैकमेलिंग या साइबर ठगी में इस्तेमाल किया जा सकता है।

अभाविप का साप्ताहिक सकोरा अभियान

# पक्षियों की प्यास बुझाने अनेक स्थानों पर बांध रहे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय की अभाविप ईकाई द्वारा सकोरे अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे बांधे गए ताकि भीषण गर्मी में बेजुबानों को प्यास से न मरना पड़े। इस अवसर पर प्राचार्य ममता खोइया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की यह पहल सरानीय है। न केवल महाविद्यालय बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों में भी सकोरे लगाने चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी विद्यार्थी अपने-



अपने घरों एवं आसपास के स्थानों पर सकोरे रखें और उनमें प्रतिदिन पानी भरकर पक्षियों के जीवन संरक्षण में योगदान दें। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में जल के अभाव में कई पक्षियों की जान चली जाती है, ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह अभियान न केवल सेवा का कार्य है, बल्कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में अभाविप तहसील संयोजक तुषार चौहान, महाविद्यालय अध्यक्ष गोविंद कुम्भकार, लोकेश मालवीय, विजय मालवीय सहित अन्य उपस्थित थे।

# सूर्यदेव को अर्घ्य देकर करेंगे नेवज मैया की आरती

**राजगढ़।** हिन्दू नवसंत्सर 2083 के शुभारंभ एवं गुड़ी पड़वां के अवसर पर कल नगर की जीवनदायिनी नेवज मैया की महाआरती की जाएगी। नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में लगातार 16वें वर्ष किए जाने वाले इस आयोजन के तहत प्रातः 6 बजकर 21 मिनट पर सूर्य की पहली किरण के साथ भगवान भास्कर को अध्र्य देकर शंख, घटियों, ढोल-ढमाकों, आतिशबाजी के साथ नेवज मैया की महाआरती की जाएगी। आयोजन समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कार्यक्रम के तहत सभी उपस्थित जनों को वर्षभर निरोगी रहने नीम, मिश्री, कालीमिर्च का प्रसाद वितरित करवाया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने आधिकाधिक नागरिक गणों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का आगृह किया है।

**कई शिकायतों का मौके पर ही करवाया निराकरण**

# जनसुवाई में लगाई पेंशन, नामांतरण, पीएम आवास की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। जनसुनवाई में पेंशन, नामांतरण, बंटवारा, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति सहित अन्य समस्याओं के 65 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण करवा दिया गया।

ग्राम किशनगढ़ निवासी दिलीप पुष्पद ने बताया कि उनकेघर के सामने नाली का पानी जमा होने से काफी परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर द्वारा सीएमओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम मलारगढ निवासी मानसिंह वर्मा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार जीरापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम अरन्या निवासी बालचंद ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हो गई है लेकिन प्रथम किश्त के बाद दूसरी किश्त के लिए वे परेशान हो



रहे हैं। इस पर सीईओ जनपद सारंगपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम लक्ष्मभणपुरा निवासी सौराम ने बताया कि 6 माह से वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आवेदक को पूर्व में वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था। ग्राम चारपुरा निवासी बनेसिंह ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्माशन निधि योजना का लाभ मिल रहा था परन्तु किसी कारणवश अब निधि खाते में नहीं आ रही है। सभी मामलों का निराकरण करवाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, एडीएम प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र दांगी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मरीह माता मंदिर में आज से दी जाएगी आहुतियां

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व जाएगा। इस मंदिर में गुप्त नवरात्रि के अलावा चैत्र और शरदीय सभी नवरात्रि को विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जाता है। उक्त आयोजन मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा सहित अन्य के द्वारा किया जाएगा। यहां पर सुबह हवन-पूजन के अलावा नौ दिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में सुंदर श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा परम्परा अनुसार इस वर्ष भी महाष्टमी की रात्रि बारह बजे निशा आरती और उसके पश्चात नवमी पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।
इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक मेवाड़ा ने बताया कि प्राचीन मरीह माता मंदिर में सुबह साढ़े सात बजे हवन का शुभारंभ किया जाएगा। हवन सामग्री में कई प्रकार की जड़ी-बूटियों के मिश्रण के अलावा पीपल की लकड़ी, गो काष्ठ सहित अन्य का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चेत्र नवरात्रि पर सुबह विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर सुबह ग्यारह बजे भागवत कथा वाचक शिवम मिश्रा के द्वारा माता की पूजा अर्चना की जाएगी। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। इन नौ दिनों में माता रानी की पूजा-अर्चना करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है।

### सफाईकर्मियों की हड़ताल, अध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षद प्रतिनिधि ने चलाया कचरा वाहन तो सीएमओ ने उठाई झाड़ू

# अध्यक्ष व सीएमओ बोले, सभी मांगे मान ली, दबाव बनाकर व्यक्तिगत मांगों को स्वीकृत कराना चाहते सफाई कर्मचारी

**सीएमओ प्रजापति ने बताया कि शासन द्वारा सफाई मित्रों सहित अन्य कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस का प्रावधान है, जिसका पालन कराना नपा का दायित्व है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर पालिका लंबे समय से स्थानीय सफाईकर्मी एवं नगर पालिका प्रशासन के बीच में अखाड़ा बनी हुई है। जिसके कारण नगर की सफाई व्यवस्था बार बार चरमरा जाती है । मंगलवार से नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया और बुधवार से हड़ताल पर जाने की धमकी दी थी। नतीजा बुधवार सुबह से सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गये। जिसके चलते पूरे नगर की सफाई व्यवस्था गड़बड़ा गई है । और पूरे नगर में जगह जगह गंदगी के ढेर नजर आने लगे और जगह-जगह कचरे के कूड़े दुपहर तक पड़े नजर आए।

### सीएमओ ने सफाई व्यवस्था का दुरुस्त करने का प्रयास किया

सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से नगर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था का जिम्मा उठाने स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा और नगर पालिका सीएमओ विनोद प्रजापति आगे आए। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाले कचरा वाहन को स्वयं चलाया तो वही सीएमओ विनोद प्रजापति ने झाड़ू उठाकर सफाई व्यवस्था का दुरुस्त करने का प्रयास किया तो वार्ड



17 के पाषर्द पति विशाल चौरसिया भी कचरा वाहन को स्वयं चलाते हुए नजर आए। इस दौरान सफाई कार्य मे जुटे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने बताया कि नगर पालिका के सफाई कर्मी जिन मांगों को लेकर हड़ताल पर गए हैं, उनकी वह सभी मांगे मान ली गई है,जो नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र की है, वे केवल उन मांगों को लेकर अड़े हुए जो उनकी व्यक्तिगत है और व्यक्तिगत मांगों को नगर पालिका नहीं मान सकती है ।कुछ सफाई कर्मी संगठन के लोग दबाव की राजनीति बनाकर के नगर के सफाई कर्मीयो को गुमराह कर रहे है ओर नगर पालिका को दबाव में लेना चाहते हैं । लेकिन नगर पालिका किसी के आगे दबाव में नहीं झुकेगी जो भी नियम अनुसार होगा वही कार्यवाही की जाएगी । नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने बताया कि




आउटसोर्स को लेकर जो मांगे कर्मचारी कर रहे हैं। आउटसोर्स का ठेका हो गया है अनुबंध होना है। उसके पश्चात आउटसोर्स नियम अनुसार सफाई कर्मियों को रखेगा,हमने कर्मियों से सूची भी मांगी है ताकि जो पूर्व में जो काम कर रहे थे उनेह प्राथमिकता दी जाये ।

### सीएमओ को घटना का अंदेशा

नगर पालिका सीएमओ ने एसडीएम नितिन ताले और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा को पत्र लिखकर स्वयं के साथ किसी भी घटना के अंदेशा के चलते पुलिस सुरक्षा की भी मांग की थी वही हड़ताल कर रहे सफाई कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि कुछ सफाई कर्मियों के परिवार के लोग बिना काम का वेतन ले रहे हैं, जिसको लेकर नगर पालिका ने सख्त कदम




उठाते हुए काम नही कर रहे कर्मचारियों को सस्पेंड किया है । वहीं कुछ कर्मचारी जो काम पर नहीं आ रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जा रही है ।जो भी काम करेगा वही वेतन पाएगा।

### भड़काने किया प्रदर्शन- सीएमओ

सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने बताया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने निजी लाभ के चलते कर्मचारियों को भ्रमित कर संगठन का अनैतिक उपयोग कर कर्मचारियों को भड़काने जैसा कृत्य किया जा रहा है जो विधि संगत नही है। पूर्व में भी ऐसे विध्वंसक लोगों द्वारा सफाई मित्रों एवं अन्य कर्मचारियों में फूट डालकर नगर का वातावरण खराब करने का प्रयास किया गया था, तब भी नपा प्रशासन द्वारा सामंजस्य स्थापित कर सामान्य स्थिति बनाकर नियमानुसार मांगों की पूर्ति के लिए आश्वस्त किया जा चुका था। सीएमओ प्रजापति ने बताया कि शासन द्वारा सफाई मित्रों सहित अन्य कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस का प्रावधान है, जिसका पालन कराना नगरपालिका का दायित्व है, ऐसे में कुछ सफाई कर्मचारियों द्वारा ई-अटेंडेंस नही लगाई जाती है तथा ऐसे भी कर्मचारी है जो ई-अटेंडेंस लगाकर अपने कर्त्तव्य पर अनुपस्थित रहते है। ऐसी स्थिति में ऐसे कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाना आवश्यक है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री प्रजापति ने संगठन द्वारा की जा रही हड़ताल का कहा कि इनके द्वारा लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार है। नपा कर्मचारियों को ईपीएफ, जीपीएफ का भुगतान नियमानुसार दिया जा रहा है, संस्थान में 8 माह का कार्यकाल हुआ है, जिसमें 4 माह का जमा किया जा चुका है, शेष मार्च माह की समाप्ति तक जमा करने की प्रक्रिया में है। ईपीएफ-जीपीफ जैसी प्रक्रिया पूर्ण ऑनलाईन प्रक्रिया है इसमें अनियमितता उत्पन्न होना असंभव है।

### सीएमओ और सफाई कर्मचारियों से मिले सफाई आयोग के अध्यक्ष

हड़ताल पर बैठे राहुल वाल्मीक ने बताया कि हड़ताल के दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सफाई आयोग प्रदेश अध्यक्ष प्रताप करोसिया कर्मचारियों के बीच आए और सफाई कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी मांगों का को सुना और इसके बाद नगर पालिका सीएमओ एवं पूर्ण परिषद के बीच बैठक आयोजित हुई जिसमें हमारी मांग 65 बंद कर्मचारियों को पुनः कार्य पर लगाया गया। इपीएफ पीएफ राशि जमा करने के भी निर्देश दिए और अन्य मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन देते हुए भूख हड़ताल पर बैठे राहुल वाल्मीक को ज्यूस पिलाकर हड़ताल को समाप्त करवाया।

# बुजर्गों के पुण्य और धर्म मार्ग पर चलते रहने से ही संत का समागम मिलताः मुक्तिसागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

उक्त उदगार आज धाड़ीवाल निवास पर पधारे संत के द्वारा व्यक्त किये गये। दिव्य आशीर्वाद प्रदाता आचार्य भगवन अभ्युदय सागर महाराज साहेब दादाजी स्वर्गीय चांदमल धाड़ीवाल की पुण्यानि से आचार्य भगवन डॉक्टर मुक्तिसागर महाराज साहेब जापध्यान निष्ठ आचार्य भगवन अचलमुक्ति सागर सूरि महाराज साहेब के श्री चरण धाड़ीवाल निवास पर पसार हुये। आचार्य भगवन डॉक्टर शमुक्तिसागर के द्वारा दिव्य आशीर्वाद प्रदातागुरुवर अभ्युदय सागर महाराज साहेब व स्वर्गीय दादा चांदमल धाड़ीवाल के पुराने संस्मरण सुनाकर भाव विभोर कर खूब खूब आशीर्वाद धाड़ीवाल परिवार को दिया व माता सुषमा को स्वास्थ्य



लाभ व धर्म मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर धाड़ीवाल परिवार के वरिष्ठ सुरेश धाड़ीवाल, सुषमा, प्रवेंद्र, प्रभात, मीना, लोकेश, राखी, दिव्य, भव्य, प्रसिद्धि, नूपुर धाड़ीवाल सहित परिवार जन ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अखिल भारतीय बलाई समाज का होली मिलन व सम्मान समारोह संपन्न, एकजुटता की झलक दिखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज संघ, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में तहसील के ग्राम भावखेड़ी जोड़ स्थित फार्म हाउस पर एक भव्य होली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की एकजुटता की झलक देखने को मिली, जहाँ समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान करने के साथ-साथ आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया।

### कर्मचारियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज के उन शासकीय सेवकों का सम्मान रहा, जिन्होंने अपनी लंबी सेवाओं के बाद हाल ही में सेवानिवृत्ति प्राप्त की है। समाज के उत्थान में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनार सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वाले प्रमुख सेवानिवृत्त कर्मचारियों मेंः प्रेम नारायण परमार, प्रभु लाल मालवीय (शिक्षक) आनार सिंह मालवीय, केसी पोरवाल (कृषि विभाग) प्रभु सिंह मालवीय शिक्षक राम चरण मालवीय, राम



सिंह मालवीय (नगर पालिका) प्रेमचंद गुणवान (पशु चिकित्सा विभाग) शामिल रहे।वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थितिसमारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कमल सिंह चौहान (आष्टा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश संयोजक बाबूलाल मालवीय ने किया। इस दौरान भोपाल जिला अध्यक्ष नरेश मालवीय, सीहोर जिला अध्यक्ष रामस्वरूप मालवीय 'नेताजी', और ग्रामीण अध्यक्ष अमर सिंह मालवीय (सत पिपलिया) सहित समाज के कई दिग्गज पदाधिकारी मंच पर मौजूद थे।समाज के विभिन्न विंगों के प्रमुखों, जैसे आजाद संघ के जिला अध्यक्ष बाबूलाल मालवीय ने कार्यक्रम का संचालन किया इस युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष राजेश मालवीय, मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. घासीराम मालवीय ने भी समाज को संबोधित किया।इस सफल आयोजन के संयोजक दशरथ गुणवान एवं ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम मालवीय का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में दशरथ गुणवान ने सभी अतिथियों और समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेश मालवीय आर्य, धनराज मालवीय, लखन लाल मालवीय सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित थे।

# समझौते के बाद भी मांगें अधूरी, पैक्स कर्मचारियों में आक्रोश; गेहूं खरीदी ठप करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं (पैक्स) के कर्मचारियों में सरकार की वादाखिलाफी को लेकर भारी रोष व्याप्त है। सहकारिता विभाग और कर्मचारी महासंघ के बीच हुए समझौते पर अमल न होने से नाराज कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है।

महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय-सीमा में निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदेशभर में 'कलम बंद' हड़ताल की जाएगी, जिसका सीधा असर आगामी गेहूं खरीदी पर



पड़ेगा। गौरतलब है कि 22 सितंबर 2025 को विभागीय अधिकारियों और महासंघ के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक में आंदोलन समाप्त करने के लिए कई सहमति बनी थीं। इनमें मुख्य रूप से कर्मचारियों को अक्टूबर 2023 से कलेक्टर दर के अतिरिक्त बढ़ा हुआ वेतन देने और हर माह नियमित भुगतान का वादा किया गया था। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक कार्यालय से इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। कनिष्ठ विक्रेताओं की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की फाइल भी ठंडे बस्ते में है।

सरकार ने समझौते के वक्त जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं कर वह कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। जिला अध्यक्ष, कर्मचारी महासंघ सीहोर दीपक चौधरी ने कहा कि यदि मांगों पर तत्काल कार्यवाही नहीं हुई, तो आगामी दिनों में गेहूं खरीदी का बहिष्कार कर सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

# ब्लॉक कांग्रेस ने एलपीजी गैस की बढ़ी क़ीमत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर के नेतृत्व में एलपीजी गैस की बढ़ी हुई कीमतें के खिलाफ एवं गैस सिलेंडर की उपलब्धता नहीं होने एवं गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए स्थानीय बाजार गांधी चौक पर विरोध प्रदर्शन किया नारेबाजी कर विरोध किया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र भरेवा ,वरिष्ठ पार्षद जाकिर हुसैन, पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंह ठाकुर, नारायण सिंह कुंडिया नाथू ,लाला पहलवान




,बहादुर परिहार पार्षद ,पप्पू भाई पार्षद, अनीश मास्टर ,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर, पवन ठाकुर, सचिन ठाकुर, जोगेंद्र सिंह ठाकुर , योगेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील बागवान, शम्मी भाई, कल्लू भाई, अमीन खान एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

### जमीयत उलमा आष्टा द्वारा जिला जेल सीहोर में सामूहिक रोज़ा इफ्तार का आयोजन

# एक साथ दस्तरख़्वान पर बैठकर भाईचारे का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पवित्र माह रमज़ान के अवसर पर सामाजिक सद्भाव, मानवता और आपसी भाईचारे का एक प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब जमीयत उलेमा आष्टा की ओर से जिला जेल सीहोर में रोज़ा इफ्तार का विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेल में निरुद्ध विभिन्न धर्मों के बंदियों को एक ही दस्तरख़्वान पर बैठाकर सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार कराया गया, जिससे आपसी एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में बंदियों ने भाग लिया और एक साथ बैठकर इफ्तार किया।

यह दृश्य रमज़ान के मूल संदेश—त्याग, करुणा और इंसानियत—को प्रत्यक्ष रूप से दर्शा रहा था। जेल प्रशासन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सौहार्द बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम के दौरान जमीयत उलेमा आष्टा की ओर से जिला जेल सीहोर अक्षय कुमार उपाधीक्षक सहित जेल स्टाफ का भी सम्मान किया गया। यह सम्मान जेल



प्रशासन द्वारा बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और उनकी सेवा भावना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व जमीयत उलेमा जिला सीहोर के अध्यक्ष हाफ़िज़ चांद मियां ने अपनी टीम के साथ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में आपसी विश्वास और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना मुफ्ती सैयद दानिश परवेज़ नदवी तथा कारी अमीर जरनल सेक्रेटरी जिला सीहोर कारी सैयद शाहवेज़ परवेज़ नदवी भी विशेष रूप उपस्थित रहे।

जेल में सभी धर्मों के बंदियों के साथ सामूहिक इफ्तार का आयोजन इस बात का प्रतीक है कि इंसानियत और आपसी सम्मान ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बंदियों और जेल प्रशासन ने जमीयत उलेमा आष्टा की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने वाला सराहनीय प्रयास बताया।इस अवसर पर जमीयत उलेमा आष्टा की टीम के कई सदस्य भी मौजूद रहे, जिनमें विशेष रूप से कारी शकील भाई सीहोर सरवर उस्ताद असलम भाई होटल मज़हर भाई मुस्तकीम सलीम भाई सीहोर अरबाज़ फरहान इनके अतिरिक्त जमीयत उलेमा की टीम के अन्य सदस्यों ने भी आयोजित हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दस दिन में ही आप जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आम आदमी प्रदेश कार्यालय द्वारा जिले के लिए पार्टी पदाधिकारियों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर और सह प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी की सहमति से की गई है। खास बात यह है कि जिलाध्यक्ष चेतन वास्तवार की नियुक्ति के महज 10 दिन के भीतर ही उन्होंने अपनी पूरी टीम तैयार कर ली है, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

जिला कार्यकारिणी की घोषणा पर खुशी जाहिर करते हुए जिलाध्यक्ष चेतन वास्तवार ने कहा कि नई टीम के गठन से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा अब हम पूरी टीम के साथ मिलकर जिले की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाएंगे। हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना है। जिले के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए जो परेशानियां उठानी पड़ती हैं, उनके खिलाफ आम आदमी पार्टी आवाज बुलंद करेगी।

जिला कार्यकारिणी की सूची घोषित सूची में अनुभवी और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है, जो विभिन्न विंगों प्रकोष्ठों का नेतृत्व करेंगे। इसमें टीपू सुल्तान को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कमल पहलवान, दिलीप दांगी, गजेंद्र शर्मा, राकेश चौहान, राकेश धाकड़, नरेश वर्मा, राजेश सोलंकी और शेख माजिद को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।